# जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद महराजगंज की ग्रामीण पेयजल योजनाओं की स्वीकृति हेतु 13.02.2023 को जिलाधिकारी महराजगंज/अध्यक्ष DWSM की अध्यक्षता में आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु फेज-3 में चयनित फर्म मैं0 रिथविक कोया (जे.वी.) प्लाट नं0- 37.39 नवोदया कालोनी, रोड नं0-2, बंजारा हिल हैदराबाद, तेलंगाना द्वारा प्रस्तुत 18 नग डी0पी0आर के तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृत हेतु अनुमोदन का प्रस्तावः-**

जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना के निर्माण एवं संचालन/अनुरक्षण (10 वर्ष) हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा फेज-3 हेतु फर्म मैं0 रिथविक कोया (जे.वी.) प्लाट नं0 37-39 नवोदया कालोनी, रोड नं0-2, बंजारा हिल हैदराबाद, तेलंगाना को 652 राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदनोपरान्त राजस्य ग्रामों की सूची उपलब्ध कराते हुए तत्काल डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में जल जीवन मिशन फेज-3 अन्तर्गत 607 राजस्व ग्रामों के 358 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये जा चुके है।

वर्तमान में फेज-3 अन्तर्गत फर्म मैं0 रिथविक कोया (जे.वी.) द्वारा 18 नग डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये गये जिसमें 20 ग्राम पंचायतों के 37 राजस्व ग्रामों की कुल 129 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करते हुए कुल 10368 घरो को FHTC प्रदान किया जाना है।

उक्त डी0पी0आर0 में से फेज-3 अन्तर्गत 9 नग डी0पी0आर नामतः कुरहवा खुर्द, लुटहवा, हरैया मौलाही एवं हाताबेला हरैया, बिशुनपुर अदरौना, बडहरादेवीचरन, निरनाम पूर्वी, कोईलाडाड, बासपार कोठी एवं परसा उर्फ परसौना, नगवा पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 में प्रति व्यक्ति लागत अनुमन्य सीमा रू0 6400 प्रति व्यक्ति के अन्तर्गत है जिसमें 9 ग्राम पंचायतों के 12 राजस्व ग्रामों की कुल 42 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करते हुए कुल 3909 घरो को FHTC प्रदान किया जाना है। उक्त के अतिरिक्त फेज-3 के 9 नग डी0पी0आर0 की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6400.00 से अधिक है। बैठक में प्रतिव्यक्ति लागत बढ़ने के विस्तृत आख्या देने के निर्देश दिये गये जिसके अनुपालन में सामान्यतः डी0पी0आर0 में संयुक्त रूप से प्रति व्यक्ति लागत में अधिक होने का विवरण निम्नवत है-

**योजना में मूलभूत अवयवों यथा बाउन्ड्रीवाल, गेट, एप्रोचरोड, शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, नलकूप, सोलर/विद्युत संयोजन की लागत में सामान्यतः आबादी कम होने/बढ़ने पर उपरोक्त अनुपात में कमी/वृद्धि नहीं होती है। यथा 100 किली0/16 मीटर हेतु शिरोपरि जलाशय की लागत रू0 30.69 लाख होती है, जबकि 150 किली0/16 मीटर हेतु शिरोपरि जलाशय की लागत रू0 34.52 लाख होती है जो कि शिरोपरि जलाशय की क्षमता में 50 प्रतिशत की वृद्धि के उपरान्त भी लागत में 12 प्रतिशत वृद्धि/कमी होती है। इसी प्रकार नलकूप, सोलर/विद्युत संयोजन की लागत में भी वृद्धि/कमी होती है। जबकि बाउन्ड्रीवाल, गेट, पम्प हाउस, एप्रोच रोड की लागत (लगभग रू0 17.00 लाख ) स्थिर रहती है।**

उक्त के अतिरिक्त प्रत्येक योजनावार प्रति व्यक्ति लागत बढ़ने का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है

1. <u>बेला ग्राम पंचायत पेयजल योजनाः-</u> इस योजना में चन्दनपुर ग्राम पंचायत का 1 राजस्व ग्राम नामतः बेला इसके 2 पुरवे सम्मिलित है। पूर्व में प्रेषित प्राक्कलन में यथा सम्भव संशोधन के उपरान्त प्राक्कलन में कार्यो की लागत रू0 141.369 लाख (जी0एस0टी व कंटीजेन्सी सहित) है। इस ग्राम में गणना के अनुसार आधार वर्ष 2023 की जनसंख्या 1276 व डिजाईन वर्ष की जनसंख्या 2020 है जो कि सामान्य की तुलना में कम (लगभग 95 प्रतिशत) है। इस योजना में डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6998.00 व आधार वर्ष का प्रति FHTC लागत रू0 49430.00 है। ग्राम के आधार वर्ष व डिजाइन वर्ष की जनसंख्या लगभग 95 प्रतिशत कम होने के कारण डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत अधिक है।

Scanned with OKEN Scanner

2. बंधा ग्राम पंचायत पेयजल योजनाः– इस योजना में हरिरामपुर ग्राम पंचायत का एक राजस्व ग्राम नामतः बंधा व इसके 2 पुरवे सम्मिलित है। पूर्व में प्रेषित प्राक्कलन में यथा सम्भव संशोधन के उपरान्त प्राक्कलन में कार्यो की लागत रू0 153.442 लाख (जी0एस0टी व कंटीजेन्सी सहित) है। इस ग्राम में गणना के अनुसार आधार वर्ष 2023 की जनसंख्या 1334 व डिजाईन वर्ष की जनसंख्या 2115 है जो कि सामान्य की तुलना में कम (लगभग 85 प्रतिशत) है। इस योजना में डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत रू0 7255.00 व आधार वर्ष का प्रति FHTC लागत रू0 49981.00 है। ग्राम के आधार वर्ष व डिजाइन वर्ष की जनसंख्या लगभग 85 प्रतिशत कम होने के कारण डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत अधिक है।

3. बेलौही ग्राम पंचायत पेयजल योजनाः– इस योजना में बेलौही ग्राम पंचायत का एक राजस्व ग्राम नामतः बेलौही व इसके 2 पुरवे सम्मिलित है। पूर्व में प्रेषित प्राक्कलन में यथा सम्भव संशोधन के उपरान्त प्राक्कलन में कार्यो की लागत रू0 163.488 लाख (जी0एस0टी व कंटीजेन्सी सहित) है। इस ग्राम में गणना के अनुसार आधार वर्ष 2023 की जनसंख्या 1482 व डिजाईन वर्ष की जनसंख्या 2336 है जो कि सामान्य की तुलना में कम (लगभग 65 प्रतिशत) है। इस योजना में डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6999.00 व आधार वर्ष का प्रति FHTC लागत रू0 45413.00 है। ग्राम के आधार वर्ष व डिजाइन वर्ष की जनसंख्या लगभग 65 प्रतिशत कम होने के कारण डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत अधिक है।

4. अराजी सरकार उर्फ वैरियहवा पेयजल योजनाः– इस योजना में अराजी सरकार उर्फ वैरियहवा ग्राम पंचायत का 1 राजस्व ग्राम नामतः अराजी सरकार उर्फ वैरियहवा व इसके 4 पुरवे सम्मिलित है। पूर्व में प्रेषित प्राक्कलन में यथा सम्भव संशोधन के उपरान्त प्राक्कलन में कार्यो की लागत रू0 165.994 लाख (जी0एस0टी व कंटीजेन्सी सहित) है। इस ग्राम में गणना के अनुसार आधार वर्ष 2023 की जनसंख्या 1461 व डिजाईन वर्ष की जनसंख्या 2320 है जो कि सामान्य की तुलना में कम (लगभग 70 प्रतिशत) है। इस योजना में डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत रू0 7155.00 व आधार वर्ष का प्रति FHTC लागत रू0 49998.00 है। ग्राम के आधार वर्ष व डिजाइन वर्ष की जनसंख्या लगभग 70 प्रतिशत कम होने के कारण डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत अधिक है।

5. बड़हरा वैद्य पेयजल योजनाः– इस योजना में बड़हरा वैद्य ग्राम पंचायत के 2 राजस्व ग्रान नामतः बड़हरा वैद्य, हथिया हथसर व इसका 2 पुरवे सम्मिलित है। पूर्व में प्रेषित प्राक्कलन में यथा सम्भव संशोधन के उपरान्त प्राक्कलन में कार्यो की लागत रू0 142.431 लाख (जी0एस0टी व कंटीजेन्सी सहित) है। इस ग्राम में गणना के अनुसार आधार वर्ष 2023 की जनसंख्या 1351 व डिजाईन वर्ष की जनसंख्या 2136 है, जो कि सामान्य की तुलना में कम (लगभग 80 प्रतिशत) है। इस योजना में डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6668.00 व आधार वर्ष का प्रति FHTC लागत रू0 49976.00 है। ग्राम के आधार वर्ष व डिजाइन वर्ष की जनसंख्या लगभग 80 प्रतिशत कम होने के कारण डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत अधिक है।

6. परसाचक गोबरही ग्राम पंचायत पेयजल योजनाः– इस योजना में परसाचक गोबरही ग्राम पंचायत के 2 राजस्व ग्राम नामतः परसाचक गोबरही, अमतहां व इसके 3 पुरवे सम्मिलित है। पूर्व में प्रेषित प्राक्कलन में यथा सम्भव संशोधन के उपरान्त प्राक्कलन में कार्यो की लागत रू0 259.683 लाख (जी0एस0टी व कंटीजेन्सी सहित) है। इस ग्राम में गणना के अनुसार आधार वर्ष 2023 की जनसंख्या 2069 व डिजाईन वर्ष की जनसंख्या 3288 है जो कि सामान्य की तुलना में कम (लगभग 20 प्रतिशत) है। इस योजना में डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत रू0 7898.00 व आधार वर्ष का प्रति FHTC लागत रू0 64921.00 है। ग्राम के पुरवों की आबादी दूर–दूर होने व पुरवों के बीच में दूरी अधिक होने के कारण वितरण प्रणाली की लम्बाई 17.26 किमी0 का कार्य प्राक्कलन के अनुसार कराया जाना अपरिहार्य है, जिसकी लागत सामान्य की तुलना में अधिक है। ग्राम में वितरण प्रणाली की लम्बाई अधिक होने एवं ग्राम के आधार वर्ष व डिजाइन वर्ष की जनसंख्या लगभग 20 प्रतिशत कम होने के कारण डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत अधिक है।

Scanned with OKEN Scanner

7. <u>रामनगर ग्राम पंचायत पेयजल योजनाः</u>– इस योजना में रामनगर ग्राम पंचायत का एक राजस्व ग्राम नामतः रामनगर व इसके 21 पुरवे सम्मिलित है। पूर्व में प्रेषित प्राक्कलन में यथा सम्भव संशोधन के उपरान्त प्राक्कलन में कार्यों की लागत रू0 638.649 लाख (जी0एस0टी व कंटीजेन्सी सहित) है। इस ग्राम में गणना के अनुसार आधार वर्ष 2023 की जनसंख्या 5870 व डिजाईन वर्ष की जनसंख्या 9350 है। इस योजना मे डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6830.00 व आधार वर्ष का प्रति FHTC लागत रू0 49973.00 है। ग्राम के पुरवों की आवादी दूर–दूर होने व पुरवों के बीच में दूरी अधिक होने के कारण वितरण प्रणाली की लम्बाई 32.20 किमी0 का कार्य प्राक्कलन के अनुसार कराया जाना अपरिहार्य है एवं ग्राम की भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार शिरोपरि जलाशय की उचाई गणना के अनुसार 23.00 मीटर प्राप्त हुई है जिसकी लागत सामान्य की तुलना में अधिक है। ग्राम में वितरण प्रणाली की लम्बाई, शिरोपरि जलाशय की उचाई अधिक होने के कारण डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत अधिक है।

8. <u>करूआवल पेयजल योजनाः</u>– इस योजना में करूआवल ग्राम पंचायत के 2 राजस्व ग्राम नामतः करूआवल, कडजही व इसका 2 पुरवे सम्मिलित है। पूर्व में प्रेषित प्राक्कलन में यथा सम्भव संशोधन के उपरान्त प्राक्कलन में कार्यों की लागत रू0 186.420 लाख (जी0एस0टी व कंटीजेन्सी सहित) है। इस ग्राम में गणना के अनुसार आधार वर्ष 2023 की जनसंख्या 1422 व डिजाईन वर्ष की जनसंख्या 2258 है, जो कि सामान्य की तुलना में कम (लगभग 70 प्रतिशत) है। इस योजना में डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत रू0 8256.00 व आधार वर्ष का प्रति FHTC लागत रू0 64955.00 है। ग्राम के आधार वर्ष व डिजाइन वर्ष की जनसंख्या लगभग 70 प्रतिशत कम होने के कारण डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत अधिक है।

9. <u>झावाकोट पेयजल योजनाः</u>– इस योजना में झावाकोट ग्राम पंचायत का एक राजस्व ग्राम नामतः झावाकोट व इसका 11 पुरवे सम्मिलित है। पूर्व में प्रेषित प्राक्कलन में यथा सम्भव संशोधन के उपरान्त प्राक्कलन में कार्यों की लागत रू0 190.562 लाख (जी0एस0टी व कंटीजेन्सी सहित) है। इस ग्राम में गणना के अनुसार आधार वर्ष 2023 की जनसंख्या 1792 व डिजाईन वर्ष की जनसंख्या 2846 है, जो कि सामान्य की तुलना में कम (लगभग 40 प्रतिशत) है। ग्राम में 730.46 वर्ग मीटर सी0सी0 रोड, 104.02 वर्ग मीटर इण्टरलाकिंग रोड, 345.27 वर्ग मीटर खडन्जा, 31.62 वर्ग मीटर बिटुमिनस रोड का डिस्मेन्टलिंग व रिस्टेटमेन्ट कार्य प्राक्कलन के अनुसार कराया जाना अपरिहार्य है, जिसकी लागत सामान्य की तुलना में अधिक है। ग्राम के आधार वर्ष व डिजाइन वर्ष की जनसंख्या लगभग 40 प्रतिशत कम होने व रोड कटिंग की मात्रा सामान्य से अधिक होने के कारण डिजाईन वर्ष की प्रति व्यक्ति लागत अधिक है।

बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/सदस्य सचिव जिला पेयजल स्वच्छता मिशन समिति द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–3 अन्तर्गत प्रस्तुत किये गये 17 नग डी0पी0आर0 विद्युत आधारित व 1 नग डी0पी0आर0 सोलर आधारित है। उक्त डी0पी0आर0 में से फेज–3 अन्तर्गत 9 नग डी0पी0आर नामतः कुरहवा खुर्द, लुटहवा, हरैया मौलाही एवं हातावेला हरैया, विशुनपुर अदरौना, बढहरादेवीचरन, निरनाम पूर्वी, कोईलाडाड, बासपार कोठी एवं परसा उर्फ परसौना, नगवा पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 में प्रति व्यक्ति लागत अनुमन्य सीमा रू0 6400.00 प्रति व्यक्ति के अन्तर्गत है। उक्त के अतिरिक्त फेज– 3 के 9 नग डी0पी0आर0 की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6400.00 से अधिक है। प्रतिव्यक्ति लागत बढ़ने की योजनावार विस्तृत आख्या उपरोक्तानुसार है एवं डी0पी0एम0यू0 द्वारा समस्त योजनाओं के कार्यस्थलों का निरीक्षण कर आख्या प्रत्येक डी0पी0आर0 में संलग्न की गयी है।

इसी प्रकार अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 344/W-17/2020-21 दिनांक 04जून,2021 (छाया प्रति संलग्न) के अनुसार विद्युत से संचालित नलकूप के प्रकरण में 16 घंटे Pumping Hours मानते हुये डी0पी0आर0 का विरचन किया गया है व वर्तमान में जनसंख्या वृद्धि हेतु यथा संशोधित निर्देशों के क्रम में अनुमन्य सीमा 80 प्रतिशत के स्थान पर 60 प्रतिशत की सीमा के अनुसार डी0पी0आर0 का विरचन किया गया है। उक्त समस्त डी0पी0आर0 में कार्यालय ज्ञाप संख्या 1499/E-46/2021 दिनांक 12 फरवरी, 2021 (छाया प्रति संलग्न) के अनुसार DI/ HDPE Pipe का प्राविधान किया गया है। **अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त डी0पी0आर0 में लगायी गयी दरें जल निगम की अन्तिम SOR(2019-20) की दरों से लगभग 10-20 % तक अधिक है।** दिनांक 12.04.2022 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में सम्बन्धित ग्राम पंचायत (ग्राम प्रधान/सचिव) से इस विषय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है कि इण्डेक्स प्लान के अनुसार ग्राम में कोई भी क्षेत्र पेयजल की सुविधा से वंचित नही रहेगा, अर्थात शतप्रतिशत बस्तियों को पाइप पेयजल से संतृप्त करने हेतु सम्मिलित कर लिया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

निर्णयः– अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, महराजगंज द्वारा फेज–3 अन्तर्गत 20 ग्राम पंचायतों के 37 राजस्व ग्रामों की कुल 129 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु 18 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से करने हेतु अनुमोदन पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी एवं अवशेष डी0पी0आर0 शीघ्र प्रस्तुत कराये जाने के निर्देश दिये गये।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
महराजगंज

जिला विकास अधिकारी
महराजगंज

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
महराजगंज

जिला कृषि अधिकारी
महराजगंज

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी
महराजगंज

अधिशासी अभियन्ता
सिचाई खण्ड प्रथम
महराजगंज

परियोजना निदेशक
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण
महराजगंज

मुख्य चिकित्साधिकारी
महराजगंज

प्रभागीय वनाधिकारी
महराजगंज

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष DWSM
महराजगंज

जिलाधिकारी/अध्यक्ष DWSM
महराजगंज

Scanned with OKEN Scanner